# Haryana College Teacher s'Association

(Affiliated to AIFUCTO) | Website : www.hcta.in

**Dayanand Malik**
President
All India Jat Heroes' Memorial College, Rohtak
Mob. 9813763351, 7988023380
E-mail: malikdayanand03@yahoo.com

**Dr. Chand Singh**
General Secretary
D.A.V.P.G. College(Lahore),Ambala City
Mob. 9354732700
E-mail : chanddav74@gmail.com

*Ref. No.* HCTA/09/2020/04 *Date* 30/9/2020

## For Circulation Among Unit Members

आदरणीय शिक्षक साथियो, नमस्कार

आशा है कि आप व आपका परिवार स्वस्थ एवं सुरक्षित होंगे। हरियाणा कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन की कार्यकारिणी समिति की बैठक 13 सितम्बर,2020 दिन रविवार को गुरु नानक खालसा कॉलेज करनाल में सम्पन्न हुई। कोरोना महामारी ने पूरे विश्व में तबाही मचाई हुई है जिसकी वजह से मानवता पर संकट के बादल छाये हुए हैं। ऐसी परिस्थिति में हरियाणा कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन ने करनाल के उपायुक्त महोदय की अनुमति के पश्चात इस बैठक का आयोजन किया।

साथियो, सबसे पहले हरियाणा कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन के तीन सदस्यों के आकस्मिक निधन पर HCTA की कार्यकारिणी ने अपनी संवेदनाएं प्रकट करते हुए दिवंगत आत्माओं के लिए दो मिनट का मौन किया।
इसके पश्चात बैठक में HCTA के महासचिव द्वारा पिछली कार्यकारिणी समिति की बैठक 30 जून, 2019, आई. बी. कॉलेज पानीपत से लेकर अब तक की HCTA की गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसके बाद HCTA के प्रदेशाध्यक्ष डॉ दयानंद मलिक द्वारा DGHE office Panchkula व Finance Department Chandigarh में विभिन्न फाइलों की स्थिति की जानकारी दी। इसके पश्चात HCTA कार्यकारिणी समिति के सदस्यों ने विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार रखे। प्रदेशाध्यक्ष डॉ दयानंद मलिक ने मुद्दों पर विचार विमर्श के बाद HCTA के प्रयासों को स्पष्ट किया। साथ ही प्रदेशाध्यक्ष ने HCTA के नए पदाधिकारियों के चुनावों की तारीख निश्चित करने का प्रस्ताव रखा। इस पर हरियाणा कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन के पूर्व प्रधान व HFUCTO के महासचिव डॉ नरेन्द्र चाहर द्वारा कोरोना महामारी से उत्पन्न स्थिति को ध्यान में रखते हुए कार्यकारिणी समिति के समक्ष HCTA की वर्तमान केन्द्रीय कार्यकारिणी (EC) एवं पदाधिकारियों के कार्यकाल को जोकि नवम्बर माह में समाप्त हो जाएगा को एक वर्ष के लिए बढाने का प्रस्ताव रखा जिसे कार्यकारिणी समिति ने सर्वसम्मति से पास कर दिया। डॉ नरेन्द्र चाहर ने बताया कि HCTA का registration December 2011 में करवाया गया था जोकि 1860 के एक्ट के अनुसार था। 2012 में नया सोसाइटी एक्ट आ गया अब HCTA ने नए एक्ट के तहत अपना registration renew करवा लिया है। जिसमें संस्था का कार्यकाल तीन वर्ष है।

इस बैठक में निम्न प्रस्ताव/निर्णय पारित किए गए।

1. HCTA के निर्वाचित पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी समिति (EC) के कार्यकाल को एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया गया है। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया कि महामारी के बाद सामान्य स्थिति होते ही नए पदाधिकारियों के चुनाव के लिए प्रक्रिया आरंभ कर दी जाएगी।

2. M.Phil व Ph.D merger के लिए जो फाइल चल रही है उसे अंतिम चरण में पहुँचाने के लिए गम्भीर प्रयास किया जाएगा ताकि जिन शिक्षकों के arrears रुके हुए हैं वो शीघ्र मिल सके।

3.कार्यकारिणी समिति की बैठक में NPS धारक शिक्षकों की Retirement and Death Gratuity के विषय में जो शंका थी। उसे HCTA के प्रधान डॉ दयानंद मलिक ने दुर करते हुए बताया कि NPS धारक शिक्षकों को Retirement and Death Gratuity की सुविधा 10 मार्च 2019 को ACS Higher Education Haryana द्वारा जारी पत्र के अनुसार ही मिलेगी।

4. HRA की फाइल F D Department Chandigarh में अंतिम चरण में है उससे सम्बन्धित पत्र शीघ्र ही जारी करवा दिया जाएगा।

5. Ex-Gratia Policy के विषय में प्रदेशाध्यक्ष ने बताया कि यह Policy कभी एडिड कॉलेजों के स्टाफ के लिए बन्द करने का कोई पत्र सरकार द्वारा जारी नहीं किया गया। अतः यह नीति निर्बाध रूप से जारी है।

6. Salary को नियमित व Online करवाने के लिए गम्भीर प्रयास जारी है। अब सभी कॉलेजों के स्टाफ के salary bill Online जाने आरंभ हो जाएंगे। साथ ही सभी एडिड कॉलेजों के स्टाफ के SBI bank में account खुलने की प्रक्रिया शीघ्र आरंभ कर दी जाएगी ताकि salary को नियमित किया जा सके।

7. पिछले कुछ महीनों में एडिड कॉलेजों के स्टाफ को भ्रामक प्रचार का सामना करना पड़ा जिसमें कहा जा रहा था कि 58 वर्ष में सेवानिवृत्ति व एडिड कॉलेजों में ग्रांट 95% से कम होने जा रही है। इस पर प्रदेशाध्यक्ष ने जोर देकर कहा कि ग्रांट 95% से 96% हो सकती है परन्तु 1% भी कम (94%) नहीं होने दी जाएगी। 58 वर्ष में सेवानिवृत्ति पर प्रधान जी बताया कि राजकीय महाविद्यालयों में सेवानिवृत्ति की आयु 55+3 = 58 है यानि 55 में सेवानिवृत्ति को 3 वर्ष की एक्शटैनशन मिल कर 58 वर्ष में सेवानिवृत्ति होती है जबकि एडिड कॉलेजों में सेवानिवृत्ति की आयु ही 60 है क्योंकि हमारे दो वर्ष probation के होते हैं। अतः इसकी 58 वर्ष में सेवानिवृत्ति की बात केवल मात्र अफवाह है व एडिड कॉलेजों के स्टाफ में भ्रम की स्थिति पैदा करना है HCTA इन नकारात्मक व बेबुनियाद विचारों को कभी सफल नहीं होने देगी।

8. कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षाओं में नियमित विद्यार्थियों की परीक्षाओं के लिए शिक्षकों को मानदेय नहीं दिए जाने का विरोध किया। साथ ही कार्यकारिणी समिति द्वारा यह अनुमोदित किया गया कि राजकीय महाविद्यालयों के शिक्षक संगठन से मिलकर आगामी रणनीति तैयार की जाए।

अंत में हरियाणा कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन की ओर से गुरु नानक खालसा कॉलेज करनाल की HCTA की ईकाई के सभी सम्मानित सदस्यों व पदाधिकारियों, कॉलेज के प्राचार्य डॉ मेजर सिंह एवं कॉलेज की मैनेजमेंट का बहुत-बहुत आभार प्रगट करते हैं जिन्होंने स्थान उपलब्ध करवाने के साथ-साथ जलपान की भी अच्छी व्यवस्था की।

धन्यवाद
शिक्षक एकता जिन्दाबाद , HCTA जिन्दाबाद

आपका

Chand

डॉ चाँद सिंह
महासचिव
हरियाणा कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन